‘प्लग एंड प्ले’ : बिहार में उद्योगों को बढ़ावा देने की सरकार की पहल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार सरकार ने राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये ‘प्लग एंड प्ले’ की पहल की है, जिसके तहत पाँच ज़िलों में ‘प्लग एंड प्ले’ प्री-फेब्रीकेटेड शेड का निर्माण किया जाएगा, जहाँ उद्यमी सिर्फ उपकरण लगाकर फैक्ट्री शुरू कर सकेंगे।

प्रमुख बिंदु

- 15 करोड़ रुपए की लागत से एक शेड का निर्माण किया जाएगा। ज़मीन से लेकर बिजली-पानी तक की व्यवस्था सरकार करेगी। इससे राज्य में औद्योगिक विकास की रफ्तार को बढ़ाया जा सकेगा।
- इस योजना के तहत को-ऑपरेटिव स्पीनिंग मिल कैंपस (भागलपुर), बेला इंडस्ट्रियल एरिया (मुज़फ्फरपुर), हाज़ीपुर इंडस्ट्रियल एरिया (हाज़ीपुर), कुमारबाग इंडस्ट्रियल एरिया (पश्चिमी चंपारण- फेज-2) और सिकंदरपुर इंडस्ट्रियल एरिया (बिहिटा, पटना) में शेड का निर्माण किया जाएगा।
- शेड का निर्माण छह माह के अंदर होगा। इसके लिये इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटीज़ (आईडीए) ने 75 करोड़ रुपए की निविदा निकाली है। इसका 5 जुलाई को टेक्निकल बीड खुलेगा, जबकि कार्य एजेंसियों की प्री-बीड मीटिंग 28 जून को पटना में बुलाई गई है।
- भागलपुर में को-ऑपरेटिव स्पिनिंग मिल कैंपस की 10 एकड़ ज़मीन में शेड बनेगा, जहाँ एकसाथ न्यूनतम 100 उद्यमियों को छह माह बाद प्लेटफॉर्म उपलब्ध हो सकेगा।
- ज़िला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि ‘प्लग एंड शेड’ निर्माण का उद्देश्य वैसे उद्यमियों की मदद करना है, जो ज़मीन के अभाव में फैक्ट्री नहीं लगा पा रहे हैं। अब उन्हें ज़मीन के साथ-साथ बिजली भी मिलेगी। यहाँ कपड़ा निर्माण, पैकेजिंग मैटेरियल, सैनेटरी पैड्स आदि छोटे उद्यम को बढ़ावा दिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/plug-and-play-govt-initiative-to-boost-industries-in-bihar